# सौ से ज्यादा सीसीटीवी से खुला हत्या का राज

- एक्सीडेंट की आड़ में सुपारी किलिंग
- पत्नी और प्रेमी की साजिश ने ली पति की जान
- 15 लाख की सुपारी, मुखबिरी और अवैध संबंध बने वजह



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. केट रोड पर 12 अप्रैल की रात मिला नवीन पाटीदार का शव अब सनसनीखेज हत्याकांड में बदल गया है. पोस्टमार्टम में गर्दन के पीछे गोली मिलने के बाद पुलिस ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर खुलासा किया कि 15 लाख रुपए की सुपारी देकर हत्या कराई गई थी. इस साजिश में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी की भूमिका सामने आई है. पुलिस ने उज्जैन से तीन इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं, जबकि मुख्य आरोपी पर 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं.**

12 अप्रैल की रात केट रोड स्थित नखराली ढाणी के सामने नवीन पाटीदार का शव मिला था. शुरुआत में मामला एक्सीडेंट का लगने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया, लेकिन पोस्टमार्टम में गर्दन के पीछे गोली फंसी मिलने से हत्या का खुलासा हो गया. इसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की. घटनास्थल से कारतूस मिलने के बाद पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक पल्सर बाइक पर सवार तीन संदिग्ध नजर आए. घेराबंदी के दौरान भागते वक्त आरोपियों की बाइक खंभे से टकरा गई और वे घायल हो गए थे. पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी राहुल उइके उर्फ मराठा ने 15 लाख रुपए की सुपारी देकर हत्या करवाई. मृतक द्वारा पूर्व में की गई मुखबिरी के चलते राहुल बदला लेना चाहता था. इसी दौरान उसके मृतक की पत्नी भारती से अवैध संबंध हो गए, और दोनों ने मिलकर नवीन को रास्ते से हटाने की साजिश रची. राहुल ने मुकेश कुमावत को सुपारी दी, जिसने देवास के शूटर अजय धोलपुरिया और श्रीराम बलाई के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया. वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उज्जैन निवासी राहुल मराठा, शुभम मदरोशिया और राजू गुगले को गिरफ्तार कर लिया. तीनों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था. राहुल के पास से सुपारी की रकम में से 5 लाख रुपए बरामद किए हैं. पुलिस के अनुसार राहुल आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ 20 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं, वहीं शुभम पर भी एक दर्जन केस हैं.

### अन्य आरोपियों की तलाश : डीसीपी

डीसीपी जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शुरुआत में मामला सड़क हादसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हत्या का खुलासा हुआ . सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया है . मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है .

# नई पेंट पर कलर लगने से नाराज होकर युवक ने फांसी लगाई

- गुस्से में काटने लगा पेंट, मां ने वीडियो बनाया तो तोड़ दिया मोबाइल

**इंदौर. कोतवाली थाना क्षेत्र के नॉर्थ तोड़ा इलाके में एक बेहद ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है. पेंट पर दूसरा रंग लग जाने और उसके बाद हुए मामूली पारिवारिक विवाद से एक 18 वर्षीय युवक को इतना गुस्सा आया कि उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया. मां द्वारा डांटने और वीडियो बनाने पर युवक ने पहले अपना मोबाइल तोड़ दिया और बाद में कमरे में जाकर मां के दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.**

घटना नॉर्थ तोड़ा क्षेत्र की है. मृतक का नाम गौरव पिता मनोज (18 वर्ष) है. मृतक के मामा सोनू ने बताया कि गौरव का एक क्रीम कलर का पसंदीदा पेंट था, जिसे घर में दूसरे रंगीन कपड़ों के साथ धोने के लिए डाल दिया गया था. साथ में धुलने के कारण उस पेंट पर दूसरे कपड़ों का रंग चढ़ गया और पेंट पूरी तरह खराब हो गया. पेंट पर कलर चढ़ा देख गौरव का पारा चढ़ गया और वह अपनी मां से बहस करने लगा. मां ने पेंट को दोबारा धोया, लेकिन उसके बाद भी उस पर से रंग का दाग नहीं छूटा. इससे गौरव इस कदर गुस्से में आ गया कि उसने घर में रखी कैंची उठा ली और पेंट को काटने लगा. गौरव को इस तरह उग्र होते देख मां ने उसे डांटते हुए समझाने का प्रयास किया और उसकी इस हरकत का अपने मोबाइल से वीडियो बनाने लगीं.

मां को वीडियो बनाते देख गौरव और भड़क गया, उसने मां के हाथ से मोबाइल छीना और उसे जमीन पर पटककर पूरी तरह तोड़ दिया. मोबाइल टूटने के बाद गौरव का गुस्सा थोड़ा शांत हुआ, तो वह अपने दोस्तों से मिलने और उस टूटे हुए मोबाइल को सुधरवाने की बात कहकर घर से बाहर निकल गया. कुछ देर बाद जब वह वापस घर लौट आया. उस समय उसकी मां किसी काम से घर के बाहर गई हुई थी और वह घर में अकेला था.

### मां के दुपट्टे का फंदा बनाकर छत के कुंदे से झूल गया

इसी दौरान अवसाद और गुस्से में आकर गौरव कमरे में गया और मां के दुपट्टे का फंदा बनाकर छत के कुंदे से झूल गया . जब मां घर वापस लौटी और कमरे में बेटा फंदे पर लटका मिला, तो परिवार में कोहराम मच गया . शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और गौरव को तुरंत फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया . सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया . पुलिस परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज कर रही है .

# द्वारकापुरी में पारिवारिक विवाद में युवक की चाकू लगने से मौत

- पत्नी ने देवर व सास पर लगाए आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. द्वारकापुरी क्षेत्र में गुरुवार शाम पारिवारिक विवाद के दौरान एक युवक चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान हरीश उम्र 31 साल पिता नंदू कदम, निवासी नार्थ मोहल्ला के रूप में हुई है. वह ई-रिक्शा चलाने के साथ मजदूरी करता था. गुरुवार को घर में परिवार के सदस्यों के बीच विवाद हुआ था. इसी दौरान हरीश को चाकू लग गया था. घटना के बाद हरीश की पत्नी शीतल अपने तीन बच्चों के साथ थाने पहुंची और देवर पऊ, कल्ली तथा सास पुष्पा पर आरोप लगाए. पुलिस ने शीतल के बयान दर्ज कर लिए हैं. जांच में पता चला कि जब हरीश काम पर गया हुआ था, तभी उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घर में विवाद होने की जानकारी दी, जिसके बाद वह घर लौटा था. प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि इसी विवाद के दौरान उसे चाकू मारा गया.



घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंद्रु जोशी सहित थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के साथ अन्य पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे. एसीपी शिवेंद्रु जोशी का कहना है कि फिलहाल पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा.

# फार्म हाउस पर चौकीदार ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

- घरेलू विवाद बना हत्या की वजह, आरोपी पति हिरासत में

**इंदौर.** खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम उज्जैनी में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक फार्म हाउस पर चौकीदारी करने वाले युवक ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की लाठी-डंडों व लात-मुक्कों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी. सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को हिरासत में ले लिया.

पुलिस के मुताबिक, आरोपी राहुल बर्मन पिता राजेश बर्मन मूल रूप से ग्राम बीरसिंहपुर जिला उमरिया का रहने वाला है और वर्तमान में उज्जैनी स्थित एक फार्म हाउस पर अपनी पत्नी सुमन बर्मन (26) के साथ रहकर चौकीदारी करता था. मंगलवार रात को दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि राहुल ने आपा खो दिया और सुमन पर जानलेवा हमला कर दिया. गंभीर चोटें आने के कारण सुमन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी उमाकांत चौधरी और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए. खुड़ैल थाना प्रभारी कन्हैया सिंह के मुताबिक, पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है. आरोपी राहुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. शुरुआती जांच में हत्या की वजह घरेलू विवाद ही सामने आ रही है.

## एक नजर में

### पुरानी 'विरासत' आज भी सहेज रही युवा पीढ़ी

**महू .** आज 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस है . तहसील के गांव दतोदा के बरसों पुराने पीपल और नीम के वृक्ष आज भी मिसाल बनकर खड़े है . गांव के मुख्य चौराहे पर स्थित ये दोनों विशाल पेड़ न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति को भी जीवंत केंद्र बने हुए हैं . ग्रामीणों के अनुसार यह पीपल-नीम का जोड़ा प्राचीन है . तपती दोपहरी में भी इनकी घनी छांव राहगीरों और पशु-पक्षियों को राहत देती है. पीपल 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाला और नीम हवा शुद्ध करने वाला वृक्ष माना जाता है . दोनों के संगम ने इस स्थान को गांव का ऑक्सीजन केंद्र बना दिया है . खास बात यह है कि आधुनिकता के दौर में भी इस पेड़ के नीचे गांव की पुरानी परंपरा जिंदा है . हर दिन यहां गांव के बुजुर्ग एकत्र होते हैं . कोई ताश के पत्ते खेलता है तो कोई चौपड़ बिछाकर चौसर की बाजी लगाता है . हंसी-ठिठोली के बीच बुजुर्ग नई पीढ़ी को किस्से-कहानियों के माध्यम से पेड़ों का महत्व भी समझाते हैं . ग्रामीणों ने बताया कि हमारे दादा-परदादा के जमाने से यह पेड़ है . हमने बचपन में इसी के नीचे खेल-खेल में जाना कि पेड़ काटना पाप है . अब पोतों को भी यही सिखाते हैं . दतोदा के सरपंच प्रहलाद बबरीवाल बताते है कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ पौधे लगाना नहीं है, बल्कि पुराने वृक्षों को बचाना और उनके साथ जुड़ी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना भी है . जब विकास के नाम पर हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं, तब दतोदा के ये पीपल-नीम के पेड़ उम्मीद की तरह खड़े हैं .



### पुरुषोत्तम मास में महिलाओं ने सामूहिक रूप से किया चौथ उद्यापन



**महू .** तेजस्विनी महिला मंडल के तत्वावधान में अधिक मास की चौथ का सामूहिक उद्यापन विप्र समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया . जिसमें 25 बहनों के माध्यम से 400 से अधिक महिलाओं ने इसमें उपस्थिति दी . संस्थापिका ज्योति त्रिवेदी ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से तेजस्विनी के माध्यम से धार्मिक और समाजिक आयोजन किये जा रहे हैं . हमारा उद्देश्य सनातनी बहनों को एक जाजम पर लाना है . वहीं मंडल की सदस्य तृप्ति मिश्रा ने कहा कि लगातार इतने वर्षों से संस्कृति और संस्कार को लेकर महू में तेजस्विनी महिला मंडल के प्रयास महिलाओं को जोड़ रहे हैं . इस आयोजन में मंगला शर्मा, संध्या मालवीय, माया तिवारी, रीना मुद्गल, सुलेखा द्विवेदी, बृजबाला शर्मा, आरती शर्मा, प्रिया राय, कीर्ति शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा .

### दिव्यांग बच्चों ने समर कैंप में लिया फन मेले का आनंद

महू . संवेदना स्पेशल स्कूल महू के 50 मानसिक दिव्यांग बच्चों और शिक्षिकाओं ने समर कैंप में फन मेले का जमकर आनंद लिया . इस मेले का आयोजन निश्छल सेवा संस्था द्वारा नि :शुल्क किया गया था . इस अवसर पर संस्था के सदस्य शैलेंद्र शुक्ला और आशीष जैन बच्चों के साथ उपस्थित रहे . संवेदना संस्था के स्कूल के सामने फ्रुट कोर्ट में आयोजित इस मेले में बच्चों ने पानी पतासे, मैगी नूडल्स, बर्फ के गोले का खूब आनंद लिया . सभी बच्चे रेड कलर के ड्रेस कोड में तैयार होकर आए थे . संवेदना स्कूल की शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को बहुत ही व्यवस्थित और आनंदमय तरीके से मेले का आनंद दिलवाया . मानसिक दिव्यांग बच्चे स्वयं अपने आप से स्टॉल पर से अपनी-अपनी पसंद की वस्तुएं लेकर टेबल पर बैठकर मार्केट जैसा खाने का आनंद ले रहे थे तो कुछ बच्चे गार्डन में घूम-घूमकर बर्फ का गोला चूसते हुए नजर आ रहे थे . इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी . कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा संचालिका श्रीमती निशा धीरज शर्मा ने बनाई . आयोजन में स्कूल स्टॉफ का भी सराहनीय सहयोग रहा .



# युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत, करंट लगने की आशंका

**इंदौर.** लसुड़िया थाना क्षेत्र के केलोद कांकड़ इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है. युवक अचानक जमीन पर गिर पड़ा था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत करंट लगने के कारण हुई है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है.

घटना लसुड़िया थाना क्षेत्र के केलोद कांकड़ की है. मृतक का नाम लखन पिता सरवन (35) निवासी केलोद कांकड़, लसुड़िया बताया गया है. परिजनों और आसपास के लोगों के मुताबिक, लखन अपने घर के पास ही था, तभी वह अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा.

उसे तड़पता देख परिजन और पड़ोसी तुरंत मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लेकर रवाना हुए. हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही लखन ने दम तोड़ दिया.

घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों का अनुमान है कि लखन खुले तार के संपर्क में आ गया था, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर गया. हालांकि, शरीर पर करंट के स्पष्ट निशान हैं या नहीं, इसकी पुष्टि अभी पुलिस द्वारा नहीं की गई है.

# तेज रफ्तार मिक्सर ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

- बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर घायल

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला इलाके में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है. यहां एक तेज रफ्तार सीमेंट मिक्सर ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना बीती रात करीब 11 बजे नायता मुंडला स्थित एलिजा पब्लिक स्कूल के पास हुई. तेजाजी नगर के रहने वाले आकिब पिता अयूब खान और समीर पिता मुर्तजा बाइक पर सवार होकर अपने घर की तरफ जा रहे थे. इसी दौरान एक गली से बेहद तेज गति में निकले सीमेंट मिक्सर ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 3353 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी.

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठा समीर छिटककर दूर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं. वहीं आकिब सीधे ट्रक के पहिए की चपेट में आ गया और कुचले जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही तेजाजी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने मिक्सर ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

इंदौर . बालवाड़ा क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया . टक्कर इतनी तेज थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई . घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया . पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है . मृतक की पहचान आशाराम पिता नरसिंह उम्र 30 साल निवासी मित्रबंधु नगर के रूप में हुई है . आशाराम अपनी मोटरसाइकिल से बालवाड़ा क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी . टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आशाराम सड़क पर दूर जा गिरा और उसे गंभीर चोटें आईं . घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी . पुलिस के पहुंचने तक युवक की मौत हो चुकी थी . पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है .

**एक नजर में** — नर्मदा लाइन से दूषित और अल्प समय के लिए बहुत कम प्रेशर से की जा रही जल सप्लाई, लोगों में भारी आक्रोश

# पालदा क्षेत्र में भीषण जल संकट से रहवासी परेशान



**इंदौर. शहर के पालदा क्षेत्र में भीषण जल संकट से रहवासी परेशान हैं. नर्मदा लाइन होने के बावजूद दूषित और अल्प समय के लिए वह भी बहुत कम प्रेशर से जलापूर्ति हो रही है. नगर निगम टैंकरों से जल आपूर्ति नहीं कर पा रही है. टैंकरों की कमी से हालात बिगड़ गए हैं. वहीं निजी टैंकर वाले दोगुनी दर पर पानी बेच रहे हैं. इससे निवासियों में भारी नाराजगी है.**

नगर निगम के पर्याप्त जलापूर्ति के दावों के बीच पालदा के वार्ड 75 कुमार भट्टी क्षेत्र के रहवासी इन दिनों गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं. क्षेत्र में नर्मदा पाइपलाइन से जल सप्लाई होने के बावजूद लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है. प्रतिदिन मात्र कुछ मिनटों के लिए पानी आता है और वह भी दूषित होता है. भीषण गर्मी के बीच पानी के लिए लोगों को रोजाना मशक्कत करनी पड़ रही है. नगर निगम द्वारा क्षेत्र के बड़े दायरे और आबादी के अनुपात में पर्याप्त टैंकर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं. दो-दो दिन बाद टैंकर पहुंच रहे हैं, जिससे पानी भरने को लेकर महिलाओं के बीच विवाद और झगड़े की स्थिति भी बन रही है. नर्मदा का पानी नहीं मिलने के बावजूद निगम जलकर के बिल भेज रहा है. रहवासियों ने बताया कि वर्ष 2021 में कनेक्शन लगे, 2024 तक हमने पानी के बिल भरे, फरवरी 2025 में नल बंद हो गए और पूरी गर्मी पानी नहीं मिला. अक्टूबर में नर्मदा पानी मिला, जब तक बोरिंग का पानी मिल चुका था. अब मार्च से फिर पानी बंद हो चुका है. क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार सीएम हेल्पलाइन और नगर निगम में शिकायतें दर्ज कराईं, वहीं विरोध स्वरूप चक्काजाम भी किया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका. लोगों ने मांग की है कि नर्मदा लाइन से नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र को जल संकट से राहत मिल सके.

### यह बोले रहवासी...



वर्ष 2021 से 2024 तक पूरे बिल भरे हुए हैं, 25 और 26 वर्ष की गर्मी में बिल्कुल पानी नहीं मिला . लगातार 6 महीने तक हमें पानी नहीं मिल रहा तो हम बिल क्यों भरें . - देवेंद्र यादव



एक टैंकर कितने परिवार की पूर्ति करेगा, काम-धंधा छोड़कर घर के पुरुष आसपास के क्षेत्र में जाकर पानी लाते हैं . कई बार तो खाली बर्तन लेकर लौटना पड़ता है . - रईसा बी



नलों से एक-दो बाल्टी पानी आता है, वह भी गंदा, साफ पानी तो हमें मिलता ही नहीं, तो बिल क्यों भरें . बिल वसूली के लिए हमें डराया-धमकाया भी जाता है . - राधिका तंवर



चक्काजाम आंदोलन किया, झोन पर भी गए, बावजूद इसके निगम ने टैंकर नहीं बढ़ाए . जनसंख्या ज्यादा है . बढ़ा टेंकर प्रतिदिन एक क्षेत्र में देना चाहिए, जिससे पानी की पूर्ति हो सके . - शारदा चौहान



तीन दिन में आज टैंकर आया है . अगर नर्मदा नल एक घंटा दिए जाएं तो क्षेत्र में पानी की किल्लत नहीं होगी और ना ही सरकारी पानी के टैंकर की जरूरत पड़ेगी . - माया मीणा



मैंने खुद पिछले तीन वर्षों में कई बार सीएम हेल्पलाइन और 181 पर शिकायत दर्ज कराई . हमेशा कहते हैं कि समस्या का निराकरण शीघ्र होगा, लेकिन आज तक नहीं किया गया . - मनीषा एंथोनी

### पार्षद का कहना...



मैंने बोरिंग की मांग की थी, आपूर्ति के हिसाब से क्षेत्र में और भी बोरिंग लग जाएं तो हम दिन-रात मेहनत करके वार्डवासियों के अलावा आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए भी पानी सप्लाई कर सकते हैं . - **कुणाल सोलंकी, पार्षद**

# गांजा सप्लाई करने से पहले ही पुलिस ने दबोचा



- स्कूटी सहित करीब 2 .60 लाख का माल जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बैक ट्रैकिंग के जरिए 4 किलो 83 ग्राम गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी अहीरखेड़ी क्षेत्र में गांजा खपाने की तैयारी में था, उसके पहले ही उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया.**

डीसीपी जोन-4 सुनील मेहता ने बताया कि शहर में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी शिवेंदु जोशी के मार्गदर्शन में द्वारकापुरी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई की. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अहीरखेड़ी स्थित दिग्विजय मल्टी क्षेत्र में गांजे की खेप लेकर आने वाला है. सूचना के बाद थाना प्रभारी ने टीम बनाकर मौके पर घेराबंदी की. कुछ देर बाद बताए गए हुलिए का संदिग्ध व्यक्ति आता दिखा, जिसे रोककर पूछताछ की गई. संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तलाशी ली गई.

### गांजे के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही

तलाशी में उसके पास से 4 किलो 83 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी गई है . साथ ही घटना में उपयोग सफेद रंग की स्कूटी भी जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई गई है . पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया . पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम धीरेन्द्र पाल उम्र 42 साल निवासी प्रजापत नगर, द्वारकापुरी बताया . पुलिस अब उससे गांजे के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है . मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है .